# लामडिंग दर्पण




## पूर्वोत्तर सीमा रेल, लामडिंग मंडल

वर्ष 10 | अंक 38 | अप्रैल – जून 2019

### महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल द्वारा लामडिंग मंडल का वार्षिक निरीक्षण

20 अप्रैल 2019 को महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल, श्री संजीव रॉय द्वारा लामडिंग मंडल के अगियाठुरी–जागीरोड सेक्शन का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय ने सेक्शन में सुधार हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिए।




महाप्रबंधक पूर्वोत्तर सीमा रेल, श्री संजीव रॉय (साथ में मंडल रेल प्रबंधक लामडिंग) द्वारा कामाख्या जं. पर निरीक्षण किए जाने का एक दृश्य।




महाप्रबंधक पू. सी. रेल, श्री संजीव रॉय (साथ में मंडल रेल प्रबंधक लामडिंग, श्री राम बहादुर राय) के पानबारी रेलवे स्टेशन पर आगमन का एक दृश्य।




महाप्रबंधक पूर्वोत्तर सीमा रेल, श्री संजीव रॉय द्वारा पानबारी रेलवे स्टेशन परिसर में रेलवे उद्यान के शुभारंभ किए जाने का एक दृश्य।



वार्षिक निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक पूर्वोत्तर सीमा रेल, श्री संजीव रॉय (साथ में मंडल रेल प्रबंधक लामडिंग) द्वारा कामाख्या जं. पर वृक्षा–रोपण किए जाने का एक दृश्य।

### विश्व पर्यावरण दिवस, 2019

05 जून 2019 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तथा लामडिंग मंडल द्वारा पूर्वोत्तर की सेवा के गौरवशाली 50 वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण होने के अवसर पर गुवाहाटी स्टेशन में एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में महाप्रबंधक पू.सी. रेल, श्री संजीव रॉय तथा मंडल रेल प्रबंधक लामडिंग, श्री राम बहादुर राय सहित मंडल तथा मुख्यालय मालीगॉव के अन्य रेल अधिकारीगण मौजूद थे। समारोह में पर्यावरण विषय पर एक नाटक का मंचन किया गया। इस अवसर पर गुवाहाटी स्टेशन परिसर में वृक्षा–रोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।



दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ करते हुए महाप्रबंधक पू.सी.रेल, श्री संजीव रॉय




प्रेस मिडिया को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक पू.सी.रेल, श्री संजीव रॉय



विश्व पर्यावरण दिवस, 2019 के अवसर पर गुवाहाटी रेलवे स्टेशन में पर्यावरण संरक्षण विषय पर स्थानीय कलाकारों द्वारा नाटक मंचन किए जाने का एक दृश्य।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल, श्री संजीव रॉय द्वारा गुवाहाटी रेलवे स्टेशन परिसर में वृक्षा–रोपण किए जाने का एक दृश्य।

## 64वाँ रेल सप्ताह समारोह, 2019

26 अप्रैल 2019 को लामडिंग मंडल में 64वॉ रेल सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2018 के दौरान मंडल में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु मंडल रेल प्रबंधक, श्री राम बहादुर राय ने रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 104 व्यक्तिगत तथा 29 समूह पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने हिस्सा लिया।



64वॉ रेल सप्ताह समारोह के अवसर पर रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग श्री राम बहादुर राय




मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग द्वारा पुरस्कार प्रदान किए जाने का एक दृश्य।



स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रस्तुतीकरण का एक दृश्य।

## गुवाहाटी स्टेशन का सौंदर्यीकाण

गुवाहाटी स्टेशन पूर्वोत्तर का प्रवेश–द्वार माना जाता है। देश के विभिन्न हिस्सों से यहाँ यात्रियों का लगातार आना–जाना लगा रहता है। अतः इस स्टेशन का सौंदर्यीकरण काफी महत्वपूर्ण है। इसके मद्देनजर गुवाहाटी स्टेशन में भीड़–भाड़ वाले क्षेत्र में विडियो वॉल सहित उद्यान का प्रतिस्थापन किया गया।



गुवाहाटी स्टेशन भवन के भीड़–भाड़ वाले क्षेत्र में प्रतिस्थापित विडियो वॉल तथा उद्यान का एक दृश्य।

## मंडल का अर्जन

**यात्री अर्जनः** अप्रैल–जून 2019 के दौरान यात्रियों की संख्या 8719271 हुई। फलस्वरूप गत वर्ष के समान अवधि की ₹ 145.24 करोड़ की तुलना में यात्री अर्जन से ₹ 170.14 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार यात्री अर्जन में कुल ₹ 24.90 करोड़ की वृद्धि हुई।

**माल अर्जन :** मंडल में कोयला, सीमेंट आदि आय के प्रमुख स्रोत हैं। गत वर्ष के समान अवधि की ₹ 20.15 करोड़ की तुलना में अप्रैल – जून 2019 के दौरान माल अर्जन से कुल ₹ 20.72 करोड़ की प्राप्ति हुई है। इस प्रकार माल अर्जन में कुल ₹0.57 करोड़ की वृद्धि हुई है।

**अन्य कोचिंग अर्जन :** गत वर्ष के समान अवधि की ₹ 27.27 करोड़ की तुलना में अप्रैल – जून 2019 में अन्य कोचिंग अर्जन से कुल ₹ 28.26 करोड़ की प्राप्ति हुई है। इस प्रकार अन्य कोचिंग अर्जन में कुल ₹ 0.99 करोड़ की वृद्धि हुई है।

**अन्य विविध अर्जन :** गत वर्ष के समान अवधि की ₹ 12.52 करोड़ की तुलना में अप्रैल–जून 2019 के दौरान इंजीनियरी के विविध प्राप्तियों सहित अन्य विविध प्राप्तियों से ₹ 16.67 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार अन्य विविध अर्जन में कुल ₹4.15 करोड़ की वृद्धि हुई है।

## मंडल में विभागों द्वारा किए गए अन्य उत्कृष्ट कार्य

### अगरतला-आनंदविहार राजधानी एक्सप्रेस में सुधार

अगरतला-आनंदविहार राजधानी एक्सप्रेस में "कोच केयर ऐप" का प्रावधान किया गया है इससे सवारी डिब्बों की स्थिति का ऑनलाइन फीड-बैक प्राप्त होता है और पिट लाइन में कर्मचारीगण अपना कार्य-योजना पहले से बना सकते हैं।




अगरतला-आनंदविहार राजधानी एक्सप्रेस के प्रथम श्रेणी तथा द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित यान के प्रसाधन में "प्रसाधन प्रतिक्रिया प्रणाली" का प्रावधान किया गया है। प्रसाधन का उपयोग करने वाले यात्री दिए गए तीन बटनों (clean, ok, dirty) में से किसी एक बटन को दबाकर अपनी प्रतिक्रिया दे सकते हैं।

### अगरतला में आरसीडी का शुभारंभ

गाड़ियों में इंधन भरने के लिए अगरतला में आरसीडी का शुभारंभ किया गया है इससे बदरपुर में गाड़ियों में इंधन भरने के अनावश्यक विलम्ब से बचा जा सकेगा।

### कोच मेंटेनेंस डिपो / गुवाहाटी में CleanRail V2-0 App का क्रियान्वयन

मार्ग में बेहतर OBHS मॉनिटरिंग के लिए विभिन्न सुविधाओं के साथ सवारी डिब्बा अनुरक्षण डिपो/गुवाहाटी में एक नया स्वच्छ रेल V2.0 ऐप आधारित सॉफ्टवेयर क्रियान्वित किया गया है। ओबीएचएस की निगरानी ऐप आधारित प्रणाली के माध्यम से की जा रही है जो निरीक्षण, प्रतिक्रिया, जियो-टैग चित्रों के माध्यम से सफाई रिपोर्ट संग्रह, अक्षांश/देशांतर के साथ जीपीएस आधारित उपस्थिति, ओटीपी सत्यापन आदि सुगम बनाता है।

### टिकट चेकिंग कर्मचारियों को पुरस्कार

लामडिंग मंडल के टिकट चेकिंग कर्मचारियों ने 09.06.2019 को 2203 व्यक्तिगत/मामलों में ₹ 16,67,246/- (सोलह लाख सरसठ हजार दो सौ छियालिस रुपए) मात्र अर्जित किए। एक दिन में लामडिंग मंडल का अब तक का यह सबसे अधिक अर्जन है। टिकट अर्जन में इस उपलब्धि के लिए टिकट चेकिंग स्टाफ (अधिकारियों/कर्मचारियों) को मंडल रेल प्रबंधक/लामडिंग, श्री राम बहादुर राय द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



मंडल रेल प्रबंधक द्वारा टिकट चेकिंग अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए जाने का एक दृश्य।



### यात्री सुख-साधन समिति

जून2019 माह के दौरान यात्री सुख-साधन समिति के सदस्यों ने लामडिंग मंडल के गुवाहाटी, लामडिंग, सिलचर, बदरपुर, अगरतला आदि स्टेशनों का निरीक्षण किया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने महाप्रबंधक पू.सी.रेल श्री संजीव रॉय तथा मंडल रेल प्रबंधक लामडिंग श्री राम बहादुर राय के साथ बैठक भी की ।

यात्री सुख-साधन समिति के सदस्यों का लामडिंग रेलवे स्टेशन पर आगमन।

## लामडिंग स्टेशन में लिफ्ट का शुभारंभ

दिनांक 04.06.2019 को स्थानीय विधायक श्री शिबु मिश्रा के कर कमलों से लामडिंग स्टेशन में लिफ्ट का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री राम बहादुर राय, अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री सुरथ जानि सहित मंडल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।




लिफ्ट के बाहर का एक दृश्य।



लिफ्ट के शुभारंभ किए जाने का दृश्य।

## मंडल में नियुक्ति एवं सेवानिवृत्ति

**नियुक्ति :–** अप्रैल–जून 2019 के दौरान मंडल में अनुकंपा के आधार पर समूह 'ग' में कुल 4 अभ्यर्थियों तथा समूह 'घ' में 29 अभ्यर्थियों को रेल में नियुक्ति प्रदान की गई।

**सेवानिवृत्ति :–** अवधि के दौरान कुल 86 कर्मचारी रेल सेवा से सेवानिवृत्त हो गए हैं। मंडल इनके स्वस्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना करता है।

## मंडल का समय–पालन

मंडल के सभी विभागों के सहयोग तथा प्रचालन विभाग के लगातार मॉनीटरिंग के फलस्वरूप अप्रैल–जून 2019 के दौरान समय पालन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और समय–पालन 83.12% रहा, जो कि गत वर्ष की इसी अवधि की 69.00% की तुलना में 14.12% अधिक है।

## रेल सुरक्षा बल बैरक का शुभारंभ

05 जून 2019 को मालीगॉव क्षेत्र में सभी बुनियादी सुविधाओं से युक्त 120 बिस्तरों की क्षमता वाले एक रेल सुरक्षा बल बैरक का शुभारंभ किया गया।



सभी बुनियादी सुविधाओं से युक्त रेल सुरक्षा बल बैरक का एक दृश्य।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

पू.सी.रेल के लामडिंग मंडल ने भी पूरे विश्व के साथ 21 जून 2019 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का पालन किया। योग प्राचीन भारतीय परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। आज, योग पूरे विश्व में केवल अपने निवारक और प्रोत्साहक भूमिका के लिए ही नहीं, बल्कि जीवन शैली संबंधी रोगों और विकारों के प्रबंधन में भी लोकप्रिय है। खासकर यह मानसिक और भावनात्मक तनाव के प्रबंधन में भी लाभकारी है। इसलिए आज दुनिया भर में स्वस्थ्य जीवन शैली के अभिन्न हिस्से के रूप में योग को अपनाया जा रहा है।



दीप प्रज्ज्वलित करते हुए तथा योगाभ्यास करते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग श्री सुरथ जानि।

**संरक्षक**
राम बहादुर राय
मंडल रेल प्रबंधक

**सह संरक्षक**
सुरथ जानि
अपर मंडल रेल प्रबंधक

**मुख्य संपादक**
निशिकांत सुत्रधर
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी

**संपादन एवं सहयोग**
राधाकांत कोईरी
राजभाषा अधिकारी
राजकुमार चौहान
वरिष्ठ अनुवादक